भारत अत्यन्त प्राचीन काल से ही सभ्य सुसंस्कृत व राजनीतिक रूप से सुस्थापित देश है। प्राचीन काल से ही भारत में राजतंत्र और गणतंत्र दोनों प्रकार की व्यवस्थाएँ स्थापित थी। जहाँ एक ओर भारत में निरंकुश राजतंत्र न होकर, राजा धर्म, शास्त्र और ऋषियों द्वारा बनाए नियमों से नियंत्रित था वही वेदों में राजा के निर्वाचन तथा छठी शताब्दी ई०पू० में भारत में गणतांत्रिक राज्य भी स्थापित थे।

आधुनिक काल में भारत में संवैधानिक विकास ब्रिटिश शासन काल में 1773 ई० के रेग्यूलेटिंग एक्ट से प्रारम्भ हुआ माना जाता है। इस एक्ट से भारत में ईस्ट इण्डिया कम्पनी के शासन को कानूनन स्थापित किया गया था। इसके पिट्स इण्डिया एक्ट (1784), चार्टर एक्ट (1793,1813,1833 व 1853), भारत शासन अधिनियम (1858 व 1861), भारतीय कांउसिल एक्ट (1892), भारत शासन अधिनियम व सुधार (1909 व 1919) तथा भारत शासन अधिनियम (1935) संविधानिक विकास की सीढ़ी बने। 1935 का अधिनियम तो वर्तमान भारतीय संविधान का मुख्य आधार है।

स्वतंत्रता आन्दोलन के दौरान अंग्रेजों पर पड़े दबाव के कारण 1946 के कैबिनेट मिशन ने भारतीय संविधान के निर्माण की योजना प्रस्तुत की इस योजना के अनुसार जुलाई 1946 में भारत की संविधान सभा का चुनाव हुआ। 296 सदस्यों का चुनाव हुआ तथा 93 सदस्य देशी रियासतों के राजाओं द्वारा निर्वाचित या मनोनीत किए गए। संविधान सभा में कुल 389 सदस्य थें। 1947 में पाकिस्तान के निर्माण के बाद यह सख्या 324 रह गई थी।

9 दिसम्बर 1946 को संविधान सभा की प्रथम बैठक हुई, जिसमें डा. सच्चिदानन्द सिन्हा को सभा का अस्थाई अध्यक्ष चुना गया। 11 दिसम्बर 1946 की द्वितीय बैठक में डा. राजेन्द्र प्रसाद संविधान सभा के अध्यक्ष चुने गए। 2 वर्ष, 11 महीने व 18 दिन में कुल 11 अधिवेशनों की 165 बैठकों में हुए विचार –विमर्श के बाद 26 नवम्बर 1949 को भारत का संविधान बनकर तैयार हुआ। 26 जनवरी 1950 को भारत का संविधान लागू हुआ और भारत गणतंत्र बना। इसीलिए 26 नवम्बर को 'संविधान दिवस' तथा 26 जनवरी को 'गणतंत्र दिवस' के रूप में मनाया जाता है।

1. संविधान सभा द्वारा भारतीय संविधान कब स्वीकार किया गया? **26.11.1949**

2. भारतीय संविधान कब लागू किया गया? **26 जनवरी 1950**

3. भारतीय संविधान में कुल कितने भाग हैं? **22**

4. संविधान सभा के प्रथम अध्यक्ष कौन थे? **सच्चिदानन्द सिन्हा**

5. किसकी अध्यक्षता में संविधान सभा में भारतीय संविधान पारित किया गया? **डॉ. राजेन्द्र प्रसाद**

6. भारतीय संविधान के किस अनुच्छेद को डा. भीमराव अम्बेडकर ने संविधान का ''हृदय व आत्मा'' कहा था। **अनुच्छेद 32**

7. भारतीय संविधान में पहला संशोधन किस वर्ष में पारित हुआ? **1951**

8. किस शासक ने कश्मीर का भारत में विलय स्वीकार किया? **राजा हरी सिंह**

9. अब तक के राष्ट्रपतियों में किसका कार्यकाल सबसे अधिक समय रहा? **डॉ. राजेन्द्र प्रसाद**

10. आजाद हिन्द फौज के अधिकारियों पर मुक्द्मा कहाँ चला ? **दिल्ली के लाल किले में**

11. भारत का प्रथम नागरिक किसे कहते हैं ? **राष्ट्रपति**

12. चीन और भारत के मध्य कौन-सा समझौता हुआ? **पंचशील समझौता ( 1954 )**

13. जीवन बीमा का राष्ट्रीयकरण कब हुआ? **1956 में**

14. भारतीय संसद के कौन-कौन से अंग है? **राष्ट्रपति, लोकसभा, राज्यसभा**

15. महाराष्ट्र व गुजरात राज्य किस राज्य का विभाजन कर के बने? **बम्बई**

16. जवाहर लाल नेहरू सर्वप्रथम कांग्रेस अध्यक्ष कब बने? **1929-30**

17. इंदिरा गांधी पहली बार कब कांग्रेस अध्यक्ष बनीं? **1960**

18. चीन ने भारत पर किस वर्ष आक्रमण किया? **1962**

19. लाल बहादुर शास्त्री कब प्रधानमंत्री बने? **1964**

21. कौन-कौन पूरे पाँच साल तक प्रधानमंत्री रहे?

**जवाहरलाल लाल नेहरू, इन्दिरा गांधी, पी.वी. नरसिम्हा राव, अटल बिहारी वाजपेयी, डा० मनमोहन सिंह, नरेन्द्र मोदी**

22. 1971 में भारत पाक युद्ध के दौरान रक्षा मंत्री कौन थे? **जगजीवन राम**

23. 1939 में गांधी जी से मतभेद के कारण किसने अखिल भारतीय कांग्रेस के अध्यक्ष पद से त्यागपत्र दे दिया था? **सुभाष चन्द्र बोस**

24. 1993 में दिल्ली की प्रथम विधानसभा से कौन सी पार्टी सत्ता में आई थी? **भारतीय जनता पार्टी**

25. जलियांवाला बाग हत्याकांड से दुखी होकर महात्मा गांधी ने किस उपाधि को ठुकरा दिया था? **कैसरे हिन्द**

26. कांग्रेस (आई) के प्रथम अध्यक्ष कौन थे? **बाबू जगजीवन राम**

27. पहला मरणोपरांत भारत रत्न सम्मान किसे दिया गया? **लाल बहादुर शास्त्री**

28. 1975 में लगी एमरजेंसी कितने समय तक लागू रही? **19 माह**

29. सबसे कम समय तक भारत के राष्ट्रपति रहने वाले व्यक्ति? **डॉ. जाकिर हुसैन**

30. प्रधानमंत्री बनने से पूर्व मोरार जी देसाई किस पार्टी के नेता के रूप में चुने गए? **जनता पार्टी**

31. स्वतन्त्र भारत का पहला प्रदेश जो भाषाई आधार पर बना? **आंध्र प्रदेश**

32. गोवा दमन द्यू का भारत में विलय कब हुआ? **19 दिसंबर 1961**

33. दस वर्षों तक उप राष्ट्रपति तथा 5 वर्षों तक राष्ट्रपति पद पर रहने वाले भारतीय का नाम? **डॉ. एस. राधाकृष्णन**

**जी.एम.सी. बालयोगी**

36. भारत में राज्यपाल बनने के लिए न्यूनतम आयु? **35 वर्ष**

37. भारतीय संविधान में अन्तिम अनुच्छेद की संख्या क्या है ? **395**

38. किस वर्ष मतदान की न्यूनतम आयु 18 वर्ष की गई? **15 दिसम्बर 1988 में**

39. भारत में सर्वाधिक समय तक मुख्यमंत्री रहने वाले नेता का नाम? **पवन कुमार चाम**

40. 81 वर्ष की आयु में भारत के प्रधानमंत्री बनने वाले नेता? **मोरारजी देसाई**

41. संविधान की किस अनुसूची में राज्यों एवं संघ राज्य क्षेत्रों का वर्णन निहित है? **प्रथम अनुसूची में**

42. उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीशों की अधिकतम संख्या कितनी हो सकती है? **31**

43. ''जन गण मन...'' को राष्ट्रगान के रूप में कब स्वीकार किया गया? **24 जनवरी 1950**

44. संविधाान सभा ने भारतीय संविधान को बनाने में कितना समय लगाया था? **2 वर्ष, 11 माह, 18 दिन**

45. राज्य सभा की सदस्यता हेतु न्यूनतम आयु कितनी है? **30 वर्ष**

46. हमारे संविधान में स्वतंत्र एवं निष्पक्ष न्यायपालिका की अवधारणा किस देश के संविधान से ली गई है? **संयुक्त राज्य अमेरिका**

47. लोक सभा, राज्य सभा, विधान सभा एवं विधान परिषद में से किस सदन के सदस्य राष्ट्रपति चुनाव में भाग नहीं ले सकते? **विधान परिषद**

48. वह कौन-सा विधेयक है जो लोक सभा द्वारा पारित होने, लेकिन राज्यसभा द्वारा 14 दिन में वापस न करने की स्थिति में भी दोनों सदनों द्वारा पारित मान लिया जाता है? **धन सम्बन्धी विधेयक**

49. उप राष्ट्रपति के उम्मीदवार को नामांकन भरते समय कितने प्रस्तावक एवं अनुमोदक सदस्यों की आवश्यकता होती है? **20 प्रस्तावक और 20 अनुमोदक**

51. ताशकन्द समझौता कब हुआ था? **1966**

52. विशेष परिस्थिति में लोकसभा का कार्यकाल अधिकतम कितना बढ़ाया जा सकता है? **एक वर्ष**

53. राष्ट्रपति द्वारा वित्त आयोग का गठन कितने समय के अन्तराल पर किया जाता है? **पांच वर्ष**

54. केन्द्र व राज्यों के मध्य शक्तियों का विभाजन किस देश के संविधान से प्रेरित है? **कनाडा**

55. राष्ट्रपति तथा उप राष्ट्रपति, दोनों की अनुपस्थिति में राष्ट्रपति का पदभार कौन संभालेगा? **सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश**

56. एक देश में 2 निशान, 2 प्रधान और 2 विधान नहीं चलेंगे– कश्मीर के बारे में यह कथन किसका था? **डाक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी**

57. संसद के संयुक्त अधिवेशन की अध्यक्षता कौन करता है? **लोक सभा अध्यक्ष**

58. संविधान में गणराज्य की अवधारणा किस देश के संविधान से प्रेरित है? **फ्रांस**

59. राजीव गांधी की हत्या किस स्थान पर हुई? **श्री पेरम्बदूर ( चेन्नई )**

60. उस प्रधानमंत्री का नाम बताइए जिन्होंने अपने कार्यकाल में सदन का सुख कभी नहीं देखा? **चौधरी चरण सिंह**

61. उच्च न्यायालय के न्यायाधीश की अधिकतम आयु कितनी हो सकती है? **62 वर्ष**

62. केन्द्र सरकार व राज्य सरकारों में लोकसभा या विधानसभा के **मंत्रिमंडल का अधिकतम** आकार कितना हो सकता है? **कुल सदस्यों का 15% या 12, जो भी अधिक हो**

63. भारत के महालेखा परीक्षक एवं नियंत्रक के अधिकार एवं कर्त्तव्यों का निर्धारण करने का अधिकार किसके पास है? **संसद को**

64. 1977 के चुनाव में इंदिरा गांधी को किस नेता ने पराजित किया था? **राजनारायण**

65. राज्य सभा का गठन किस तारीख को किया गया था? **3 अप्रैल 1952 को**

67. पैंथर पार्टी किस राज्य का राजनीतिक दल है? **जम्मू-कश्मीर**

68. चुनाव प्रचार की अवधि चुनाव शुरू होने से कितने समय पूर्व समाप्त होती है?

**चुनाव समाप्त होने के समय से 48 घंटे पूर्व**

69. सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश की अनुपस्थिति में राष्ट्रपति को पद की शपथ कौन दिलाता है? **सर्वोच्च न्यायालय के वरिष्ठतम न्यायाधीश**

70. संवैधानिक मामलों के निर्णय हेतु गठित खण्डपीठ में न्यायाधीशों की न्यूनतम संख्या कितनी होती है? **पांच**

71. भारत में किस वर्ष अन्तरिम सरकार का गठन हुआ? **2 सितम्बर 1946**

72. अंतरिम सरकार में प्रधानमंत्री कौन थे? **जवाहर लाल नेहरु**

73. संविधान सभा की प्रथम बैठक कब हुई? **9 दिसम्बर 1946**

74. स्वतंत्रता प्राप्ति के समय भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अध्यक्ष कौन थे?

**आचार्य जे.बी. कृपलानी**

75. भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के महामंत्री सर्वाधिक समय के लिए कौन रहे?

**ए. ओ. ह्यूम, 22 वर्ष तक ( 1885-1907 तक )**

76. भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का असली नाम क्या था?

**इन्डियन नेशनल यूनियन, ह्यूम द्वारा 1854 में स्थापित, दिसम्बर 1885 में इसे इन्डियन नेशनल कांग्रेस नाम दिया गया**

77. भारत में सबसे पहले महिलाओं के लिए बने संगठन का नाम?

**इन्डियन वीमेन्स एसोसिएशन, 1917 में एनीवीसेन्ट तथा अन्य द्वारा**

78. भारतीय कम्यूनिस्ट पार्टी की सर्वप्रथम घोषणा 1924 में किसने की थी?

**सत्यभक्त ( कानपुर )**

78A. 1925 में भारतीय कम्यूनिस्ट पार्टी की स्थापना औपचारिक तौर पर किसने की थी?

**एम.एन. राय**

79. भारतीय कम्यूनिस्ट पार्टी का विभाजन कब हुआ? **1964, कलकत्ता**

80. भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने कब पहली बार चुनाव जीतकर 7 प्रान्तों में अपनी सरकार बनाई? **1937 में ( 5 प्रान्तों में पूर्ण बहुमत एवं 2 में सहयोगी दलों के साथ )**

82. भारत में सबसे पहली क्षेत्रीय राजनीतिक पार्टी कौन सी है?

**डी. एम.के., सी.एन. अन्नादुरै द्वारा 1949 में**

83. किस वर्ष लोकसभा की सीटों की संख्या 525 से बढाकर 545 की गई थी? **1973 (31वाँ संविधान संशोधन)**

84. वेबसाईट पर आने वाली सबसे पहली राजनीतिक पार्टी का नाम?

**भारतीय जनता पार्टी, 8 जनवरी, 1998 को**

85. 30 जुलाई 2003 को एक बंद का आयोजन करने वाली राजनीतिक पार्टी जिस पर उच्च न्यायालय द्वारा अर्थदण्ड (जुर्माना) किया गया? **शिव सेना**

86. उस व्यक्ति का नाम बताइए जिसने सर्वाधिक बार भिन्न-भिन्न पदों के लिए चुनाव लड़े, मगर एक में भी नहीं जीते? **काका जोगेन्द्र सिंह, 301 बार चुनाव लड़े**

87. उस व्यक्ति का नाम बताओ जो संसद के लिए सर्वाधिक प्रान्तों से चुनाव जीते?

**अटल बिहारी वाजपेई 4 प्रान्तों से चुने गए, गुजरात, उ.प्र., म.प्र. तथा दिल्ली**

88. इंटर पार्लियामेंटरी यूनियन का अध्यक्ष पद पाने वाले प्रथम भारतीय का नाम बताइए? **डॉ. गुरदयाल सिंह ढिल्लों, 1937 में चुने गए और 1976 तक रहें**

89. इंटर पार्लियामेंटरी यूनियन के अध्यक्षा पद पाने वाली प्रथम भारतीय महिला का नाम बताइए? **डॉ. नज़्मा हेपतुल्लाह, 1999 से 2002 तक**

90. कामन वैल्थ पार्लियामेंटरी एसोसिएशन के अध्यक्ष चुने जाने वाले प्रथम भारतय **का नाम बताइए?** **डॉ. गुरदयाल सिंह ढिल्लों, 1974**

91. कामन वैल्थ पार्लियामेंटरी एसोसिएशन की कार्यकारिणी के चैयरमैन चुने गए प्रथम **भारतीय का नाम बताइए?** **बलराम जाखड़, 1984**

92. संविधान के अनुसार लोकसभा की सीटों की संख्या अधिकतम कितनी हो सकती है? **552**

93. स्वतंत्र भारत में संसद का प्रथम अधिवेशन कब हुआ? **13 मई 1952**

94. किस वर्ष में संसद की अधिकतम बैठक हुई?

**1956, 15 बैठक, 1026 घंटे कुल कार्य हुआ**

96. किसी एक सत्र में, संसद में सर्वाधिक कानून कब पारित किए गए?

**प्रथम लोकसभा में, 322 एक्ट पारित किए गए**

97. अब तक कुल कितनी बार लोक सभा भंग की गई है?

**5 बार, 1971 (इंदिरा गांधी द्वारा), 1979 (चरण सिंह के काल में), 1991 (चन्द्रशेखर के समय), 1997 (गुजराल मंत्री मंडल के त्याग पत्र पर),1999 (जब भाजपा शासित मंत्री मंडल 1 वोट से हारा)**

98. कौन-सी लोकसभा का कार्यकाल सर्वाधिक समय तक रहा?

**5वीं लोक सभा मार्च 1971 से जनवरी 1977 तक, निर्धारित अवधि से 306 दिन अधिक, क्योंकि श्रीमती इंदिरा गांधी ने आपात काल घोषित किया था**

99. कौन-सी लोक सभा का कार्यकाल सबसे कम समय का रहा?

**12वीं लोक सभा, 10 मार्च 1998 से 26 अप्रैल 1999 तक, केवल 13 माह 16 दिन (कुल 413 दिन)**

100. कौन–सी लोक सभा ने सर्वाधिक विश्वास/अविश्वास प्रस्ताव का सामना किया?

**11वीं लोक सभा में 4 बार विश्वास प्रस्ताव रखे गए। प्रथम, भाजपा नेता अटल बिहारी बाजपेयी द्वारा (27 मई 1996) जो पास नहीं हो सका; द्वितीय, यूनाइटेड फ्रंट नेता देव गोड़ा द्वारा12 जून 1996 (पास हुआ); तृतीय फिर देव गोड़ा द्वारा 11 अप्रैल 1997 को पेश हुआ (जो पास नहीं हो सका); चतुर्थ इन्द्र कुमार गुजराल द्वारा 22 अप्रैल 1997 (जो पास हुआ)**

101. लोक सभा के प्रथम स्पीकर जो पद पर रहते स्वर्गवासी हुए?

**जी.एम.सी. बालयोगी**

102. उस व्यक्ति का नाम बताइए जो प्रथम लोक सभा से लेकर मृत्यु पर्यन्त लोकसभा के सदस्य रहे? **जगजीवन राम, 1952 से 1986 तक**

103. उस व्यक्ति का नाम बताइए जिसे सबसे अधिक बार लोक सभा में नामित किया गया? **फ्रेंक एंथनी,8 बार, पहली लोक सभा से 10वीं लोक सभा में, छठी और नवीं लोक सभा को छोड़कर**

105. स्वतंत्र भारत का सर्वप्रथम बजट कब पेश हुआ? **26 नवम्बर 1947**

106. किस लोक सभा में बजट पर सर्वाधिक समय तक बहस जारी रही?

**तीसरी लोक सभा, 934 घंटों तक**

107. लोक सभा के प्रथम उप सभापति (Deputy Speater) कौन थे?

**अनन्तशयनम आयंगर, 30 मई 1952 से 7 मार्च 1956 तक**

108. कौन व्यक्ति सर्वाधिक समय तक लोक सभा स्पीकर रहे?

**बलराम जाखड़, लगभग 10 वर्ष तक**

109. कौन व्यक्ति सबसे कम समय तक लोक सभा स्पीकर रहे?

**एन. संजीव रेड्डी, मार्च से जुलाई 1977**

110. राज्य सभा में सर्वाधिक समय तक सदस्य बने रहने वाले व्यक्ति का नाम?

**सीताराम केसरी, 23 वर्ष, 1971-88 और 1994-2000**

111. राज्य सभा के चैयरमैन पद पर सर्वाधिक समय तक आसीन रहने वाले व्यक्ति का नाम? **डॉ. एस. राधाकृष्ण, 1952 से 1962 तक**

112. राज्य सभा के सर्वप्रथम डिप्टी चैयरमैन का नाम बताइए?

**एस.वी. कृष्णामूर्ति राव, 13 मई 1952 से 12 मई 1962 तक**

113. राज्य सभा की सर्वप्रथम महिला डिप्टी चैयरमैन का नाम?

**वायलेट अल्वा (1962-66, 1966-69)**

114. राज्य सभा में सर्वाधिक बार डिप्टी चैयरमैन पद पर आसीन व्यक्ति?

**नज़मा हेपतुल्लाह, 1985, 1988, 1992, 1998**

115. राष्ट्रपति के चुनाव में सर्वाधिक अन्तर से जीतने वाले व्यक्ति? **डॉ. राजेन्द्र प्रसाद**

116. राष्ट्रपति के चुनाव में सबसे कम अन्तर से जीतने वाले व्यक्ति? **वी.वी. गिरी**

117. अपने कार्यकाल में सर्वाधिक आर्डिनेन्स जारी करने वाले राष्ट्रपति का नाम?

**फखरुद्दीन अली अहमद, 29 आर्डिनेन्स 1 वर्ष में**

118. भारत के प्रथम राष्ट्रपति जो दलित वर्ग से थे? **के.आर. नारायणन**

120. उस प्रथम राष्ट्रपति का नाम बताओ जिसने केन्द्रीय सरकार बनाने का दावा करने वाले से उसको समर्थन देने वाली पार्टियों के पत्रों की मांग की।

**के. आर. नारायणन**

121. उस प्रथम राष्ट्रपति का नाम बताइए जिसने 22 अक्टूबर 1997 को उ.प्र. में तथा बिहार में 25 सितम्बर 1998 को राष्ट्रपति शासन लागू करने के लिए केन्द्रीय मंत्री मंडल के प्रस्ताव को अस्वीकार कर दिया? **के. आर. नारायणन**

122. उस राष्ट्रपति का नाम बताइए जिसने दो बार लोक सभा भंग की?

**के. आर. नारायणन, 1997 और 1999**

123. भारत में राष्ट्रपति का चुनाव लड़ने वाली प्रथम महिला का नाम बताइए?

**डॉ. लक्ष्मी सहगल, ए.पी.जे. अब्दुल कलाम के विरूद्ध**

124. सर्वप्रथम बर्खास्त की जाने वाली प्रान्तीय सरकार कौन-सी थी?

**जम्मू कश्मीर, 9 अगस्त 1953, सरकार के मुखिया शेख मुहम्मद अब्दुल्ला**

125. जम्मू-कश्मीर में प्रधानमंत्री पद का नाम मुख्यमंत्री कब किया गया? **1953 में**

126. भारत में बहुत कम अंतराल के लिए दो बार प्रधानमंत्री बनने वाले व्यक्ति का नाम?

**गुलजारी लाल नंदा**

127. किस प्रदेश ने भारत को अधिकतम प्रधानमंत्री दिए?

**उ.प्र. 9, जवाहर लाल नेहरू, लाल बहादुर शास्त्री, इंदिरा गांधी, चरण सिंह, राजीव गांधी, वी.पी.सिंह, चन्द्रशेखर, अटल बिहारी वाजपेई तथा नरेन्द्र मोदी**

128. उस प्रधानमंत्री का नाम बताइए जिसे पद ग्रहण करने के मात्र 24 घंटों के भीतर विश्वास मत प्राप्त करना पड़ा? **इन्द्र कुमार गुजराल**

129. प्रथम पूर्व प्रधानमंत्री जिसे गिरफ्तार किया गया? **इंदिरा गांधी**

130. प्रथम प्रधानमंत्री जिसे लोकसभा से निलम्बित किया गया?

**इंदिरा गांधी? 19 दिसम्बर 1978 सदन की अवमानना पर**

132. प्रथम प्रधानमंत्री जिन्हें सजा सुनाई गई?

**पी.वी. नरसिम्हाराव, 29 सितम्बर 2000, 15 मार्च 2002 को बरी हुए**

133. सर्वाधिक समय तक एक ही विभाग के केन्द्रीय मंत्री का निर्वहन करने वाले व्यक्ति का नाम? **राज कुमारी अमृत कौर, स्वास्थ्य मंत्री**

**15 अगस्त 1947 से 17 अप्रैल 1957 तक**

134. सर्वाधिक समय तक केन्द्रीय मंत्री बने रहने वाले व्यक्ति का नाम?

**बाबू जगजीवन राम, 28 वर्षों तक, 15 जुलाई 1947 से**

**30 अगस्त 1963 और 24 जनवरी 1966 से 25 जुलाई 1979 तक**

135.केन्द्रीय मंत्री मंडल में सब से कम समय तक रहने वाले व्यक्ति?

**जस्टिस एच. आर. खन्ना, कानून मंत्री, चरण सिंह मंत्री मंडल में**

**केवल 5 दिन के लिए 30 जुलाई से 3 अगस्त 1979 तक**

136. केन्द्रीय मंत्री मंडल के प्रथम मंत्री जो पद पर रहते चलबसे? **बल्लभ भाई पटेल**

137. केन्द्र में सर्वाधिक पार्टियों की मिली जुली सरकार बनाने वाले प्रथम प्रधानमंत्री?

**अटल बिहारी वाजपेई, 24 पार्टी**

138. प्रथम केन्द्रीय मंत्री जिनकी हत्या हुई? **रेलवे मंत्री ललित नारायण मिश्रा,**

**2 जनवरी 1975 को, समस्ती पुर स्टेशन पर बम कांड में काल कवलित हुए**

139. केन्द्रीय मंत्री मंडल से त्याग पत्र देने वाले प्रथम व्यक्ति?

**डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी, 19 अप्रैल 1950 को**

**केन्द्रीय मंत्री मंडल से इस्तीफा दिया**

140. प्रधानमंत्री जिसने सर्वाधिक व्यक्तियों को मंत्री मंडल में स्थान दिया?

**अटल बिहारी वाजपेई, 81 सदस्यीय मंत्री मंडल बनाया**

141. चुनाव जीतकर कम्यूनिस्ट पार्टी किस प्रदेश में सर्वप्रथम सत्ता में आई?

**केरल, ई एम एम नम्बदरी पाद के नेतृत्व में, 5 अप्रैल 1957 को**

**( 1959-64 तक ), 3 बार इंदिरा गांधी मंत्रीमंडल में ( 1967-1970 तक )**

143. प्रथम आन्ध्र प्रदेश के निर्माण की मांग को लेकर किसने आमरण अनशन किया?

**पोट्टी श्री रामुलु, 58 दिन तक आमरण अनशन कर 15 दिसम्बर 1952 को प्राण त्याग किया तीन दिन बाद आंध्रप्रदेश अस्तित्व में आया**

144. किसी प्रदेश में सर्वप्रथम स्पीकर चुने जाने वाले व्यक्ति का नाम?

**1947 में कोचीन प्रदेश विधानसभा में एल.एम. पैली चुने गए**

145. अधिकतम समय तक राष्ट्रपति शासन के अधीन रहने वाला प्रान्त?

**पंजाब, 11 मई 1987 से 25 फरवरी 1992 तक**

146. सबसे कम समय तक राष्ट्रपति शासन के अधीन रहने वाला प्रान्त?

**उड़ीसा, 16 दिसम्बर से 28 दिसम्बर 1976 तक, 13 दिन**

147. कौन कौन से प्रदेश सर्वाधिक बार राष्ट्रपति शासन के अधीन रहे?

**केरल, पंजाब तथा उत्तर प्रदेश 9-9 बार राष्ट्रपति शासन के अधीन रहे**

148. किसी प्रदेश के सबसे कम समय तक मुख्यमंत्री रहे व्यक्ति का नाम?

**जगदम्बिका पाल, उ.प्र. 21 फरवरी 1998 मात्र 1 दिन तथा रविनायक, गोवा, 2 अप्रैल से 4 अप्रैल 1994 मात्र दो दिन**

149. सबसे कम आयु में किसी प्रदेश का मुख्यमंत्री बनने वाले व्यक्ति का नाम?

**प्रफुल्ल कुमार मोहंता, 24 दिसम्बर 1986 को मुख्यमंत्री बनते समय उम्र मात्र 33 वर्ष**

150. उस व्यक्ति का नाम बताओ जो दो प्रान्तों का मुख्यमंत्री बना?

**1. एन. डी. तिवारी, उ.प्र. तथा उत्तरांचल**

**2. यशवन्त राव चव्हाण, बम्बई प्रान्त तथा महाराष्ट्र**

151. तमिलनाडु में सर्वाधिक समय तक मुख्य मंत्री रहने वाली महिला?

**जे. जयललिता**

152. किसी प्रदेश के मुख्यमंत्री जिनकी सर्वप्रथम हत्या की गई?

**बेअन्त सिंह, पंजाब, 31 अगस्त 1995 को**

**तक, 13वीं विधान सभा में 20 मार्च से 30 सितम्बर 1997 तक, 14वीं विधानसभा में 3 मई 2000 से 26 अगस्त 2003 तक तथा 15वीं विधान सभा में 13 मई 2007 से 7 मार्च 2012 तक**

154. उस प्रथम महिला मुख्य मंत्री का नाम बताइए जिसे कुछ समय तक जेल में रहना पड़ा? **जे. जयललिता, तमिलनाडू, चेन्नई सेंट्रल जेल में दिसम्बर 1996 से जनवरी 1997 तक 28 दिन रही पुनः 27 सितम्बर 2014 से 17 अक्टूबर 2014 तक**

156. भारत की प्रथम महिला विदेश सचिव?

**चोकिला अय्यर, मार्च 31, 2001**

157. भारत में सबसे पुरानी नगर पालिका कहां बनी?

**मद्रास म्यूनिसिपल कॉर्पोरेशन, 29 सितम्बर, 1688 को बनी**

158. किसी नगर पालिका में अधिकतम समय तक बने रहने वाले मेयर का नाम?

**आदर्श कुमार, शिमला के मेयर 9 जून 1986 से 18 सितम्बर 1996 तक**

159. प्रथम महिला मेयर कौन थी?

**सुलोचना मोदी, मुम्बई 1956 ताराचेरियन, मद्रास, 1957**

160. सबसे कम उम्र में बनने वाले मेयर? **संजीव नायक, नई मुम्बई के मेयर, 9 मई, 1995 को बने तब उनकी उम्र मात्र 23 वर्ष 24 दिन थी**

161. सबसे कम उम्र में नगर पालिका अध्यक्ष बनने वाली महिला?

**रेणूशाह, सिंगरौली, म.प्र. 28 दिसम्बर 1999 को मात्र 25 वर्ष 3 माह 18 दिन की उम्र में नगर पालिका अध्यक्ष बनी**

162. भारतीय जनता पार्टी का कौन नेता उपराष्ट्रपति के पद पर असीन हुआ?

**भैरो सिंह शेखावत**

163. जुलाई 1946 में प्रान्तीय विधान सभाओं द्वारा चुनी गई संविधान सभा में कुल कितने सदस्य थे? **389**

164. क्या महात्मा गांधी और मोहम्मद अली जिन्ना संविधान सभा के सदस्य थे? **नहीं**

166. **मूल अधिकारों में से** संपत्ति के अधिकार **को** संविधान से कब हटाया गया?

**1978 में, जून 20, 1979 से प्रभावी**

167. संविधान के किस भाग में भारतीय नागरिक के मूल अधिकारों की विस्तृत जानकारी दी गई है? **भाग–III**

168. **संविधान के किस भाग में भारतीय नागरिक के कर्त्तव्यों की जानकारी दी गई?**

**भाग–IV-A**

169. **यदि राष्ट्रपति किसी भी कारण से अपना पद छोड़ता है तो उप राष्ट्रपति कितने** समय तक उसका कार्य भार संभाल सकता है? **अधिकतम 6 माह**

170. राष्ट्रपति को पद च्युत करने की क्या विधि है? **लोक सभा अथवा राज्य सभा द्वारा महाभियोग पारित तथा दूसरी सभा द्वारा उसके अनुमोदन द्वारा**

171. उप राष्ट्रपति को पद च्युत करने की क्या विधि है? **राज्य सभा द्वारा अविश्वास प्रस्ताव पारित तथा लोक सभा द्वारा उसको मंजूरी**

172. राज्य सभा में अधिकतम सदस्य संख्या क्या है? **250**

173. राज्य सभा में राष्ट्रपति द्वारा अधिकतम कितने व्यक्ति नामांकित किए जा सकते हैं? **12**

174. **नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक** (कन्ट्रोलर तथा ओडिटर जनरल) की नियुक्ति कौन करता है? **राष्ट्रपति**

175. **संघ लोक सेवा आयोग** के चैयरमैन की नियुक्ति कौन करता है? **राष्ट्रपति**

176. **महान्यायवादी** (एटार्नी जनरल)की नियुक्ति कौन करता है? **राष्ट्रपति**

177. चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति कौन करता है? **राष्ट्रपति**

178. केन्द्रीय चुनाव आयोग में कितने सदस्य होते हैं? **तीन**

179. सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीशों की नियुक्ति कौन करता है? **राष्ट्रपति**

180. सर्वोच्च न्यायालय में मुख्य न्यायाधीश के अतिरिक्त और कितने अधिकतम न्यायाधीश हो सकते हैं? **30**

**65 वर्ष**

182. किसी राज्य में राज्यपाल की नियुक्ति कौन करता है? **राष्ट्रपति**

183. किसी राज्य में उच्च न्यायालय के **मुख्य न्यायाधीश** की नियुक्ति कौन करता है?

**सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश तथा राज्य के राज्यपाल की सलाह से राष्ट्रपति**

184. भारतीय संविधान के अनुसार परम सम्प्रभुता किसके पास है?

**भारत के नागरिक**

185. प्रथम राष्ट्रपति चुनाव में डॉ. राजेन्द्र प्रसाद के विरुद्ध खड़े होने वाले व्यक्ति का नाम? **एन.एन. दास**

186. निर्विरोध चुने जाने वाले राष्ट्रपति का नाम बताइए? **डा० नीलम संजीव रैड्डी**

187. सर्वाधिक प्रतिशत वोट प्राप्त कर राष्ट्रपति बननेवाले व्यक्ति का नाम?

**डॉ. राजेन्द्र प्रसाद**

188. किसी **सुपरसोनिक** लड़ाकू विमान में सवार होने वाले **प्रथम** राष्ट्रपति कौन थे?

**ए.पी.जे. अब्दुल कलाम**

189. किसी पनडुब्बी में सवारी करने वाले गैंइव राष्ट्रपति का नाम?

**ए.पी.जे. अब्दुल कलाम**

190. उस प्रधानमंत्री का नाम बताओ जिनके पिता एवं पुत्र भी प्रधानमंत्री रहे ।

**श्रीमती इन्दिरा गांधी**

191. उस मुख्यमंत्री का नाम बाताओं जिसके पिता एवं पुत्र भी उसी प्रदेश के मुख्यमंत्री रहे हैं। **फारुख अब्दुला**

192. लोकसभा अध्यक्ष को कौन शपथ दिलाता है? **कोई नहीं**

193. यदि लोकसभा अध्यक्ष त्यागपत्र देना चाहे, तो वह किसको अपना त्यागपत्र देगा? **लोकसभा उपाध्यक्ष**

194. उन राष्ट्रपतियों के नाम बताओ जो किसी राज्य के मुख्य-मंत्री भी रह चुके है। **डा. नीलम संजीव रेड्डी (आन्ध्रप्रदेश), ज्ञानी जैल सिंह (पंजाब), डा. शंकर दयाल शर्मा (मध्यप्रदेश)**

**वी.पी.सिंह ( उत्तरप्रदेश ), एच.डी. देवगौड़ा ( कर्नाटक ), नरेन्द्र मोदी ( गुजरात )**

196. उन व्यक्तियों के नाम बताओ जो बिना उप–राष्ट्रपति बने राष्ट्रपति बने।

**डा. राजेन्द्र प्रसाद, फखरूद्दीन अली अहमद, डा. नीलम संजीव रैड्डी, ज्ञानी जैल सिंह, ए.पी.जे. अब्दुल कलाम, श्रीमती प्रतिभा देवी सिंह पाटिल, प्रणब मुखर्जी, रामनाथ कोविंद**

197. उन उप राष्ट्रपतियों के नाम बताओं जो राष्ट्रपति न बन सके।

**गोपाल स्वरुप पाठक, बी.डी. जत्ती, एम. हिदायतुल्ला, कृष्ण कान्त, भैरों सिंह शेखावत, मो. हामिद अंसारी**

198 भारतीय संविधान का कौन सा अनुच्छेद अस्पृश्यता उन्मूलन को सुनिश्चित करता है? **अनुच्छेद 17**